UPSC Fever

# UNIVERSITY GRANTS COMMISSION
# NET BUREAU

**CODE NO. : 00**

## PAPER – I

## SUBJECT : GENERAL PAPER ON TEACHING AND RESEARCH APTITUDE

The main objective is to assess the teaching and research capabilities of the candidates. Therefore, the test is aimed at assessing the teaching and general/research aptitude as well as their awareness. They are expected to possess and exhibit cognitive abilities. Cognitive abilities include comprehension, analysis, evaluation, understanding the structure of arguments and deductive and inductive reasoning. The candidates are also expected to have a general awareness and knowledge of sources of information. They should be aware of interaction between people, environment and natural resources and their impact on quality of life. The details are given in the following sections:

**NOTE :** **i)** Each section gets equal weightage : five questions and 10 marks from each section.

**ii)** Whenever pictorial questions are set for the sighted candidates a passage followed by equal number of questions should be set for the visually handicapped candidates.

### I. Teaching Aptitude

- Teaching : Nature, objectives, characteristics and basic requirements;
- Learner's characteristics;
- Factors affecting teaching;
- Methods of teaching;
- Teaching aids;
- Evaluation systems.

### II. Research Aptitude

- Research : Meaning, characteristics and types;
- Steps of research;
- Methods of research;
- Research Ethics;
- Paper, article, workshop, seminar, conference and symposium;
- Thesis writing: its characteristics and format.

## III. Reading Comprehension

- A passage to be set with questions to be answered.

## IV. Communication

- Communication : Nature, characteristics, types, barriers and effective classroom communication.

## V. Reasoning (Including Mathematical)

- Number series; letter series; codes;
- Relationships; classification.

## VI. Logical Reasoning

- Understanding the structure of arguments;
- Evaluating and distinguishing deductive and inductive reasoning;
- Verbal analogies : Word analogy – Applied analogy;
- Verbal classification;
- Reasoning Logical Diagrams : Simple diagrammatic relationship, multi-diagrammatic relationship;
- Venn diagram; Analytical Reasoning.

## VII. Data Interpretation

- Sources, acquisition and interpretation of data;.
- Quantitative and qualitative data;
- Graphical representation and mapping of data.

## VIII. Information and Communication Technology (ICT)

- ICT : meaning, advantages, disadvantages and uses;
- General abbreviations and terminology;
- Basics of internet and e-mailing.

## IX. People and Environment

- People and environment interaction;
- Sources of pollution;
- Pollutants and their impact on human life, exploitation of natural and energy resources;
- Natural hazards and mitigation

## X. Higher Education System : Governance, Polity And Administration

- Structure of the institutions for higher learning and research in India; formal and distance education; professional/technical and general education; value education: governance, polity and administration; concept, institutions and their interactions.

## SAMPLE QUESTIONS

### I. Teaching Aptitude

1. Which one of the following is the main objective of teaching?
   (A) To give information related to the syllabus.
   (B) To develop thinking power of students.
   (C) To dictate notes to students.
   (D) To prepare students to pass the examination.

   Key : (B)

2. Which one of the following is a good method of teaching?
   (A) Lecture and Dictation
   (B) Seminar and Project
   (C) Seminar and Dictation
   (D) Dictation and Assignment.

   Key : (B)

3. Teacher uses teaching aids for
   (A) Making teaching interesting
   (B) Making teaching within understanding level of students.
   (C) Making students attentive.
   (D) The sake of its use.

   Key : (B)

4. Effectiveness of teaching depends on
   (A) Qualification of teacher.
   (B) Personality of teacher.
   (C) Handwriting of teacher.
   (D) Subject understanding of teacher

   Key : (D)

5. Which of the following is not characteristic of a good question paper?
   (A) Objectivity
   (B) Subjectivity
   (C) No use of vague words
   (D) Reliable.

   Key : (B)

## II. Research Aptitude

1. A researcher is generally expected to:
(A) Study the existing literature in a field
(B) Generate new principles and theories
(C) Synthesize the ideas given by others
(D) Evaluate the findings of a study.

Key : (B)

2. One of the essential characteristics of research is:
(A) Replicability
(B) Generalizability
(C) Usability
(D) Objectivity

Key : (D)

3. The Government of India conducts Census after every 10 years. The method of research used in this process is :
(A) Case study
(B) Developmental
(C) Survey
(D) Experimental

Key : (C)

4. An academic association assembled at one place to discuss the progress of its work and future plans. Such an assembly is known as a
(A) Conference
(B) Seminar
(C) Workshop
(D) Symposium

Key : (A)

5. An investigator studied the census data for a given area and prepared a write-up based on them. Such a write-up is called:
(A) Research paper
(B) Article
(C) Thesis
(D) Research report

Key : (B)

## III. Reading Comprehension

**Read the following passage and answer the question Nos. 1 to 5**

The Constitution guarantees every citizen the fundamental right to equality. Yet after 50 years of independence, just one perusal of the female infant mortality figures, the literacy rates and the employment opportunities for women is sufficient evidence that discrimination exists. Almost predictably, this gender, bias is evident in our political system as well. In the $13^{th}$ Lok Sabha, there were only 43 women MPs out of a total of 543; it is not a surprising figure, for never has women's representation in Parliament been more than 10 per cent.

Historically, the manifestos of major political parties have always encouraged women's participation. It has been merely a charade. So, women's organizations, denied a place on merit, opted for the last resort: a reservation of seats for women in parliament and State Assemblies. Parties, which look at everything with a vote bank in mind, seemed to endorse this. Alas, this too was a mirage.

But there is another aspect also. At a time when caste is the trump card, some politicians want the bill to include further quotas for women from among minorities and backward castes. There is more to it. A survey shows that there is a general antipathy towards the bill. It is actually a classic case of doublespeak : in public, politicians were endorsing women's reservation but in the backrooms of Parliament, they were busy sabotaging it. The reasons are clear : Men just don't want to vacate their seats of power.

1. The problem raised in the passage reflects badly on our
   - A) Political system
   - B) Social behaviour
   - C) Individual behaviour
   - D) Behaviour of a group of people

   Key : (B)

2. According to the passage, political parties have mostly in mind
   - A) Economic prosperity
   - B) Vote bank
   - C) People' welfare
   - D) Patriotism

   Key : (B)

3. "Trump Card" means
   - A) Trying to move a dead horse
   - B) Playing the card cautiously
   - C) Sabotaging all the moves by others
   - D) Making the final jolt for success

   Key : (D)

4. The sentence "Men just don't want to vacate their seats of power" implies
   A) Lust for power
   B) Desire to serve the nation
   C) Conviction in one's own political abilities
   D) Political corruption

Key : (A)

5. What is the percentage of women in the Lok Sabha
   A) 10
   B) 7.91
   C) 43
   D) 9.1

Key : (B)

## IV. Communication

1. Informal communication network within the organization is known as
   (A) Interpersonal communication
   (B) Intrapersonal Communication
   (C) Mass Communication
   (D) Grapevine Communication

Key : (D)

2. TV Channel launched for covering only Engineering and Technology subjects is known as
   (A) Gyan Darshan
   (B) Vyas
   (C) Eklavya
   (D) Kisan

Key : (C)

3. In which state the maximum number of periodicals are brought out for public information:
   (A) Uttar Pradesh
   (B) Tamil Nadu
   (C) Kerala
   (D) Punjab

Key : (C)

4. The main objective of public broadcasting system i.e. Prasar Bharti is
   (A) Inform, Entertainment & Education
   (B) Entertain, Information & Interaction
   (C) Educate, Interact & entertain
   (D) Entertainment only

Key : (A)

5. The competerrcy of an effective communicator can be judged on the basis of :
   (A) Personality of communicator
   (B) Experience in the field
   (C) Interactivity with target audience
   (D) Meeting the needs of target audience.

Key : (D)

## V. Reasoning (Including Mathematical)

1. Which one of the following belongs to the category of homogeneous data:
   (A) Multi-storeyed houses in a colony.
   (B) Trees in a garden
   (C) Vehicular traffic on a highway
   (D) Student population in a class.

Key : (A)

2. In which of the following ways a theory is not different from a belief?
   (A) Antecedent – consequent
   (B) Acceptability
   (C) Verifiability
   (D) Demonstratability

Key : (B)

3. The state – "Honesty is the best policy" is
   (A) A fact
   (B) An value
   (C) An opinion
   (D) A value judgement

Key : (D)

4. Which one is like pillar, pole and standard?
   (A) Beam
   (B) Plank
   (C) Shaft
   (D) Timber

Key : (A)

5. Following incomplete series is presented. Find out the number which should come at the place of question mark which will complete the series:
   4,16,36,64 ?
   (A) 300
   (B) 200
   (C) 100
   (D) 150


Key : (A)

UPSC Fever


## VI. Logical Reasoning

1) The following question is based on the diagram given below. If the two big circles represent animals living on soil and those living in water, and the small circle stands for the animals who both live on soil and in water, which figure represents the relationships among them.


A)




B)



C)



D)



Key : (D)

2. Of the following statements, there are two statements both of which cannot be true but both can be false. Which are these two statements?
   i) All machines make noise
   ii) Some machines are noisy
   iii) No machine makes noise
   iv) Some machines are not noisy

   (A) (i) and (ii)
   (B) (iii) and (iv)
   (C) (i) and (iii)
   (D) (ii) and (iv)

Key : (C)

3. In the following question a statement is followed by two assumptions (i) and (ii). An assumption is something supposed or taken for granted. Consider the statement and the following assumptions and decide which of the following assumptions is implicit in the statement.

Statement : We need not worry about errors but must try to learn from our errors.

Assumptions : i) Errors may take place when we are carrying out certain work.

ii) We are capable of benefiting from the past and improve our chances of error-free work.

A) Only assumption (i) is implicit
B) Only assumption (ii) is implicit
C) Either assumption (i) or (ii) is implicit
D) Both the assumptions are implicit

Key : (D)

4. The question below is followed by two arguments numbered (i) and (ii). Decide which of the arguments is 'strong' and which is 'weak'. Choose the correct answer from the given below:

(A) (B) (C) (D)

Should the press exercise some self-restraint?

i) Yes, they should not publish news items which may incite the readers to indulge in wrong practices.

ii) No, it is the responsibility of the press to present the truth irrespective of the consequences.

A) Only the argument (i) is strong.
B) Only the argument (ii) is strong
C) Neither argument (i) nor argument (ii) is strong
D) Both the arguments (i) and (ii) are strong

Key : (A)

5. Study the argument and the inference drawn from that argument, given below carefully.

Argument : Anything that goes up definitely falls down. Helicopter goes up.
Inference : So the helicopter will definitely fall down.

What in your opinion is the inference drawn from the argument?
A) Valid
B) Invalid
C) Doubtful
D) Long drawn one

Key : (D)

## VII. Data Interpretation

Four students W,X,Y,Z appeared in four papers, I,II,III and IV in a test. Their scores out of 100 are given below:

| Students | Papers | | | |
|---|---|---|---|---|
| | I | II | III | IV |
| W | 60 | 81 | 45 | 55 |
| X | 59 | 43 | 51 | A |
| Y | 74 | A | 71 | 65 |
| Z | 72 | 76 | A | 68 |

Where 'A' stands for absent

Read the above table and answer below mentioned questions i-v.

1. Which candidate has secured between 60-65% marks in aggregate
   A) W
   B) X
   C) Y
   D) Z

Key : (A)

2. Who has obtained the lowest average in aggregate
   A) W
   B) X
   C) Y
   D) Z

Key : (B)

3. Who has obtained the highest average
   A) W
   B) X
   C) Y
   D) Z

Key : (A)

4. In which paper the lowest marks were obtained by the candidates
   A) I
   B) II
   C) III
   D) IV

Key : (B)

5. Which candidate has secured the highest percentage in the papers appeared

   A) W
   B) X
   C) Y
   D) Z

Key : (D)

## VIII. Information and Communication Technology (ICT)

1. ICT stands for
   (A) Information common technology
   (B) Information and communication technology
   (C) Information and computer technology
   (D) Inter connected technology

Key : (B)

2. Computer can
   (A) Process both quantitative and qualitative information.
   (B) Store huge information
   (C) Process information and fast accurately
   (D) All the above.

Key : (D)

3. Satellite Communication works through
   (A) Radar
   (B) Transponder
   (C) Receptor
   (D) Transmitter

Key : (B)

4. A computer is that machine which works more like a human brain. This definition of computer is
   (A) Correct
   (B) Incorrect
   (C) Partially correct
   (D) None of the above.

Key : (A)

5. Information and communication technology includes
   (A) E-mail
   (B) Internet
   (C) Educational television
   (D) All the above.

Key : (D)

## IX. People and Environment

1. It is believed that our globe is warming progressively. This global warming will eventually result in.
   (A) increase in availability of usable land.
   (B) uniformity of climate at equator and poles.
   (C) Fall in the sea level
   (D) melting of polar ice.

Key : (D)

2. In which parts of India ground water is affected with arsenic contamination?
(A) Haryana
(B) Andhra Pradesh
(C) Sikkim
(D) West Bengal

Key : (D)

3. Sunderban in Hooghly delta is known for
(A) Grasslands
(B) Conifers
(C) Mangroves
(D) Arid forests

Key : (C)

4. Sardar Sarover dam is located on the river
(A) Ganga
(B) Godavari
(C) Mahanadi
(D) Narmada

Key : (D)

5. Which one of the following trees has medicinal value?
(A) Pine
(B) Teak
(C) Neem
(D) Oak

Key : (C)

## X. <u>Higher Education System : Governance, Polity And Administration</u>

1. Which one of the following is not considered a part of technical education in India:
(A) Medical
(B) Management
(C) Pharmaceutical
(D) Aeronautical

Key : (A)

2. Which of the following is a Central university
(A) Mumbai University
(B) Calcutta University
(C) Delhi University
(D) Madras University

Key : (C)

3. Identify the main Principle on which the Parliamentary System operates.
   - (A) Responsibility of Executive to Legislature
   - (B) Supremacy of Parliament
   - (C) Supremacy of Judiciary
   - (D) Theory of Separation of Power

Key : (A)

4. The reservation of seats for women in the Panchayat Raj Institutions is:
   - A) 30% of the total seats
   - B) 33% of the total seats
   - C) 33% of the total population
   - D) In proportion to their population.

Key : (B)

5. Match list I with list II and select the correct answer from the code given below:

| LIST I (Institutions) | LIST II (LOCATIONS) |
|---|---|
| 1) Indian Veterinary Research Institute | i) Pune |
| 2) Institute of Armament Technology | ii) Izat Nagar |
| 3) Indian Institute of Science | iii) Delhi |
| 4) National Institute for Educational Pannesi And Administrators | iv) Bangalore |

   - A) 1(ii), 2(i) 3(iv), 4(iii)
   - B) 1(ii), 2(iv) 3(ii), 4(iii)
   - C) 1(ii), 2(iii) 3(i), 4(iv)
   - D) 1(iv), 2(iii) 3(ii), 4(i)

Key : (A)

**प्रश्न पत्र – 1**

**साधारण प्रश्न पत्र – शिक्षण एंव शोध अभियोग्यता**

**इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य परीक्षार्थी की शिक्षण एवं शोध क्षमताएं ज्ञात करना है। अत: इसके द्वारा परीक्षार्थियों की शिक्षण एवं शोध अभियोग्यता तथा सामाजिक चेतना का ऑकलन किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षार्थियों से बौध्दिक क्षमताओं के संधारण और अभिव्यक्ति की अपेक्षा की जाती है। बौध्दिक क्षमताओं में अर्थग्रहण (बोधन), विश्लेषण, मूल्यांकन, तर्क संरचना को समझना तथा निगमन-आगमन तर्क को समझना सम्मिलित है। परीक्षार्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे सूचना व ज्ञान के स्त्रोतों से भी सामान्यत: अवगत हों। उन्हें जन, पर्यावरण व प्राकृतिक संसाधनो की अन्तर्क्रिया व जीवन की गुणवत्ता पर उसके प्रभावों का बोध हो। इनका विवरण निम्नानुसार है।**

**नोट : i) प्रत्येक भाग के लिए 10 अंक निर्धारित है। हर भाग से 5 प्रश्न हैं और हर प्रश्न 2 अंकों का होगा।**
**ii) सामान्य परीक्षार्थियों के लिए यदि कुछ दृश्य-आधारित प्रश्न पूछे जाते हैं, तो दृष्टि-विकलांग परीक्षार्थियों के लिए भी उसी भार के गद्यांश-आधारित प्रश्नों का दिया जाना अपेक्षित है।**

## I. शिक्षण अभिक्षमता

- शिक्षण : प्रकृति, उद्देश्य, विशेषताएं और आधारभूत आवश्यकताएं
- अध्येता की विशेषताएं
- शिक्षण को प्रभावित करने वाले कारक
- शिक्षण विधियां
- शिक्षण सहायक सामग्री
- मूल्यांकन प्रणाली

## II. अनुसंधान अभिक्षमता

- अनुसंधान : अर्थ, विशेषताएं और प्रकार
- अनुसंधान के सोपान
- अनुसंधान की विधियां
- अनुसंधान में नैतिकता
- पेपर, लेख, कार्यशाला, संगोष्ठी, सम्मेलन एवं परिसंवाद
- शोध प्रबन्ध लेखन : इसकी विशेषताएं व प्रारूप

## III. अध्ययन बोध

- इसमें एक गद्यांश पर आधारित कुछ प्रश्नों के उत्तर दिये जाने की अपेक्षा होगी।

## IV. संचार

- संचार : प्रकृति, विशेषताएं, प्रकार, अवरोध एवं कक्षा में प्रभावी संचार

## V. तर्क (गणितीय तर्क सहित)

- अंक श्रेणियाँ, अक्षर श्रेणियां, कूट लेखन, सम्बन्ध, वर्गीकरण

## VI. युक्तिसंगत तर्क

- तर्कों की संरचना की समझ
- आगमन एवं निगमन तर्क का विभेदीकरण तथा मूल्यांकन
- शाब्दिक सादृश्य : शब्द सादृश्य, व्यावहारिक सादृश्य
- शाब्दिक वर्गीकरण
- युक्ति संगत तर्क : सरल रेखाचित्रीय सम्बन्ध, बहुरेखाचित्रीय सम्बन्ध
- वेन रेखाचित्र – विश्लेषणात्मक तर्क

## VII. सूचनाओं का विवेचन

- सूचनाओं के स्रोत, सम्प्राप्ति एवं विवेचन
- संख्यात्मक एवं गुणात्मक सूचनायें
- सूचनाओं का रेखाचित्रण तथा मानचित्रण

## VIII. सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आई. सी. टी.)

- आई. सी. टी. : अर्थ, लाभ, एवं हानि तथा उपयोगिता
- साधारण शब्दावली
- इंटरनेट एवं ईमेल विधि के मूल तत्व

## IX. जन एवं पर्यावरण

- जन एवं पर्यावरण की अंतर्क्रिया, प्रदूषण का उद्गम, प्रदूषक एवं जीवन में उनका प्रभाव, प्राकृतिक एवं ऊर्जा संसाधनों के समुपयोजन का जीवन पर प्रभाव, प्राकृतिक संकट एवं उनसे बचाव।

## X. उच्च शिक्षा प्रणाली : शासन, राजनीति एवं प्रशासन

- भारत में उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान की संस्थाओं की संरचना, औपचारिक एवं दूरस्थ शिक्षा, व्यावसायिक/तकनीकी एवं सामान्य शिक्षा, मूल्य शिक्षण : शासन, राजनीति एवं प्रशासन : संकल्पना, संस्थाएँ एवं उनकी अन्तर्क्रिया

## नमूने के प्रश्न

### 1 शिक्षण अभिक्षमता

1. निम्न मे से कौनसा शिक्षण का मुख्य उद्देश्य है?

   A) पाठ्यक्रम के अनुसार सूचनायें प्रदान करना,
   B) छात्रों की चिन्तन शक्ति का विकास करना,
   C) छात्रों को टिप्पणियाँ लिखवाना,
   D) छात्रों को परीक्षा के लिए तैयार करना।

   सही उत्तरः (B)

2. निम्न मे से कौनसी शिक्षण विधि अच्छी है?

   A) व्याख्यान एवं श्रुतिलेखन
   B) संगोष्ठी एवं परियोजना
   C) संगोष्ठी एवं श्रुतिलेखन
   D) श्रुतिलेखन एवं दत्तकार्य

   सही उत्तरः (B)

3. अध्यापक शिक्षण सामग्री का उपयोग करता है क्योंकिः

   A) इससे शिक्षण कार्य रूचिकर बनता है,
   B) इससे शिक्षण कार्य छात्रों के बोधन स्तर का बनता है,
   C) इससे छात्रों का ध्यान आकर्षित होता है,
   D) वह इसका उपयोग करना चाहता है।

   सही उत्तरः (B)

4. शिक्षण का प्रभावी होना किस बात पर निर्भर है?

   A) शिक्षक की योग्यता
   B) शिक्षक का व्याक्तित्व
   C) शिक्षक का हस्तलेख
   D) शिक्षक का विषय–बोध

   सही उत्तरः (D)

5. निम्न मे से कौनसी एक अच्छे प्रश्न पत्र की विशेषता नहीं है?

   A) वस्तुनिष्ठता,
   B) व्यक्तिनिष्ठता,
   C) अस्पष्ट शब्दों का उपयोग नहीं,
   D) विश्वसनीयता

   सही उत्तरः (B)

## 2 अनुसंधान अभिक्षमता

1. किसी शोधकर्ता से अपेक्षा की जाती है कि वह

   A) एक क्षेत्र में उपलब्ध साहित्य का अध्ययन करे,
   B) नये नियमों तथा सिध्दान्तों की खोज करे,
   C) दूसरों द्वारा दिये गए विचारों का समन्वय करे,
   D) दूसरों द्वारा की गई खोज का मूल्यांकन करे।

   सही उत्तरः (B)

2. किसी शोधकार्य की एक विशेषता है

   A) पुनरावृत्ति
   B) सामान्यीकरण
   C) उपयोगिता
   D) वस्तुनिष्ठता

   सही उत्तरः (D)

3. भारत सरकार प्रत्येक 10 वर्ष बाद जनगणना कराती है। इस प्रविधि में कौन सी विधि का प्रयोग होता है।

   A) व्यक्ति अध्ययन
   B) विकासात्मक
   C) सर्वेक्षण
   D) प्रयोगात्मक

   सही उत्तरः (C)

4. किसी विषय के अध्यापकों के एक संगठन के सदस्य अपने कार्य की समीक्षा तथा भावी नियोजन के लिए इकट्ठे हुए। इस प्रकार की क्रिया को कहते हैं:

   A) सम्मेलन
   B) संगोष्ठी
   C) कार्यशाला
   D) परिसंवाद

   सही उत्तरः (A)

5. एक शोधकर्त्ता ने किसी क्षेत्र विशेष की जनगणना के आँकड़ों का अध्ययन किया तथा उसपर आधारित लेखन कार्य किया। इस कार्य को कहेंगे:

   A) शोध पत्र
   B) लेख
   C) शोध ग्रंथ
   D) शोध रपट

   सही उत्तरः (B)

**3 अध्ययन बोध**

निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़ें और प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के उत्तर दीजिएः

संविधान हर नागरिक को समानता का अधिकार देता है। आजादी के पचास वर्षों के बाद भी यदि हम बच्चों की मृत्यु के आंकड़े देखें, या शिक्षा और रोजगार के मौकों पर नज़र डालें तो प्रतीत होगा कि महिलाओं के संबंध में काफी भेद-भाव पाया गया है। करीब- करीब पूरे विश्वास से कहा जा सकता है कि हमारे राजनीतिक ढांचे में भी इस संबंध में भेद-भाव देखने में आता है। हमारी 13वीं लोक सभा में 543 में से केवल 43 माहिला संसद-सदस्य थीं। यह कोई आश्चर्यजनक आंकड़ा नहीं है क्योंकि किसी भी समय में संसद में महिलाओं की संख्या दस प्रतिशत से अधिक नहीं रही है।

ऐतिहासिक रूप से बड़े राजनीतिक दलों के चुनावी मुद्दों में महिलाओं की साझेदारी पर काफी बल दिया गया है। लेकिन यह सब केवल दिखावा है। इस तरह जब महिलाओं को वंचित कर दिया गया तो उन्होंने अपना आखिरी हथियार संभाला और संसद तथा विधान सभाओं में अपने लिए सीटों के आरक्षण का मुद्दा उठाया। राजनैतिक दल जो हर बात को वोट बैंक से जोड़ कर देखते हैं इस माँग से सहमति दिखाते नज़र आये। खेद की बात है कि यह भी एक धोखा ही साबित हुआ।

लेकिन एक दूसरा पहलू भी है। एक ऐसे समय में जब जाति 'ट्रंप कार्ड' की तरह इस्तेमाल हो रही है, कुछ राजनीतिज्ञ यह चाहते हैं कि इस आरक्षण में पिछड़े वर्गो और अल्पसंक्ष्यकों के लिए भी जगह निकाली जाये। लेकिन बात केवल इतनी ही नहीं है। एक सर्वे से यह पता चला है कि सामान्य रूप से इस बिल में किसी की कोई दिलचस्पी नहीं है। सचमुच दो-मुंही बात करने का यह एक बड़ा उदाहरण है। जनता के सामने राजनीतिज्ञ तो महिलाओं के आरक्षण का पक्ष ले रहे थे लेकिन संसद के बाहर वे इसे दबाने में लगे थे। कारण बहुत साफ हैः पुरुष यह नहीं चाहते कि वे गद्दी से कभी उतरें।

1. ऊपर जिस समस्या की ओर इशारा किया गया है, उससे किसकी बुरी छवि उभरती है?

   A) राजनैतिक प्रणाली की
   B) सामाजिक बर्ताव की
   C) व्यक्तिगत बर्ताव की
   D) सामूहिक व्यवहार की

   सही उत्तरः (B)

2. राजनैतिक दलों के सामने जो समस्या है वह प्राथमिक रूप से किस प्रकार की समस्या है?

   A) आर्थिक संपन्नता
   B) वोट बैंक
   C) जन कल्याण
   D) देशभक्ति

   सही उत्तरः (B)

3. 'ट्रंप कार्ड' का अर्थ है

   A) मरे हुए घोड़े को चलाना
   B) पत्ते समझ-बूझकर खेलना
   C) दूसरों की कोशिशों को नाकाम करना
   D) सफलता के लिए जान लगाकर कोशिश करना

   सही उत्तरः (D)

4. 'पुरुष यह नहीं चाहते कि वे गद्दी से कभी उतरें' क्या अर्थ है?

A) शक्ति की लालसा
B) देश सेवा की कामना
C) खुद की राजनैतिक क्षमता पर भरोसा
D) राजनैतिक भ्रष्टाचार

सही उत्तरः (A)

5. 13 वीं लोकसभा में कितने प्रतिशत महिलाएँ थीं?

A) 10
B) 7.91
C) 43
D) 9.1

सही उत्तरः (B)

## 4 संचार

1. संगठन के अनौपचारिक नेटवर्क को कहा जाता हैः

A) अंतर्वैयक्तिक संचार
B) अंतर्मुखी संचार
C) जन संचार
D) जनप्रवाद–माध्यम

सही उत्तरः (D)

2. टेलीविज़न की चेनल जो अभियांत्रिकी और तकनीकी विषयों के प्रसारण के लिए है

A) ग्यानदर्शन
B) व्यास
C) एकलव्य
D) किसान

सही उत्तरः (C)

3. किस राज्य में सबसे अधिक पत्रिकायें जनता को सूचना के लिए निकाली जाती है

A) उत्तर प्रदेश
B) तामिलनाडू
C) केरल
D) पंजाब

सही उत्तरः (C)

4. प्रसार भारती जन प्रसार पद्धति का मुख्य उद्देश्य जनता को निम्न प्रदान करना है

A) सूचना, मनोरंजन और शिक्षा
B) मनोरंजन, सूचना और अन्योन्यक्रिया
C) शिक्षा, अन्योन्यक्रिया और मनोरंजन
D) केवल मनोरंजन

सही उत्तरः (A)

5. एक प्रभावशाली संचारक की योग्यता का निर्णय का आधार है

A) संचारक का व्यक्तित्व
B) विषय क्षेत्र में अनुभव
C) श्रोतागण के साथ अन्योन्यक्रिया
D) लक्ष्योन्मुखी श्रोतागण की आवश्यकताओं को ध्यान में रखना

सही उत्तरः (D)

## 5 तर्क (गणितीय तर्क सहित)

1. निम्नलिखिन मे से कौन सा वर्ग समांगीय आँकडों को प्रदर्शित करता है।

A) एक कालोनी में बहुमंजिले मकान
B) एक बगीचे में वृक्ष
C) राजमार्ग पर मोटर गाडियां
D) कक्षा में छात्रों का समूह

सही उत्तरः (A)

2. निम्न विधियों मे से कौन सी सिद्धान्त विश्वास से भिन्न नहीं है।

A) पूर्ववृर्ती अनुवर्ती
B) स्वीकृिति
C) सत्यापन
D) प्रदर्शनीयता

सही उत्तरः (B)

3. कथन "इमानदारी सर्वश्रेष्ठ नीति है"

A) एक तथ्य है
B) एक मूल्य है
C) एक धारणा है
D) एक मुल्यपरक निर्णय

सही उत्तरः (D)

4. निम्न में से कौनसा एक स्तभ्भ बल्ला एवं मानक है।

A) बीम
B) पट्ट्रा
C) शाफ्ट
D) लट्टा

सही उत्तरः (A)

5. निम्नलिखित एक अधूरी श्रेणी है। प्रश्न चिन्ह के स्थान पर उस संख्या को लिखिए जिससे अधूरी श्रेणी पूर्ण हो जाय।

4, 16, 36, 64, ?,

A) 300
B) 200
C) 100
D) 150


सही उत्तरः (A)

UPSC Fever


**6 युक्तिसंगत तर्क**

1. यह प्रश्न नीचे दिए गए रेखाचित्र पर आधरित है। दो बड़े वृत्त क्रमशः मिट्टी मे रहने वाले जीव तथा पानी में रहने वाले जीवों को प्रदर्शित करते है तथा छोटा वृत्त मिट्टी तथा पानी दोनों में रहने वाले जीवो को प्रदर्शित करता है। निम्न में से कौनसा चित्र उनके सम्बन्ध को दर्शाता है?


A)




B)



C)



D)



सही उत्तरः (D)

2. निम्नलिखित कथनों में से दो ऐसे कथन है जो दोनों सत्य नहीं हो सकते, किन्तु दोनों असत्य हो सकते हैं। वे दोनों कथन कौन से है?

i) सभी मशीने शोर करती हैं।
ii) कुछ मशीने शोर करती हैं।
iii) कोई भी मशीने शोर नहीं करती।
iv) कुछ मशीने शोर नहीं करती।

A) (i) और (ii)
B) (iii) और (iv)
C) (i) और (iii)
D) (ii) और (iv)

सही उत्तरः (C)

3. नीचे एक कथन दिया गया है तथा उसके बाद दो कल्पनायें दी है। कल्पना ऐसा कथन है जिसे हम सत्य मानते है। दिये गए कथन तथा कल्पनाओं पर विचार कीजिए तथा निर्णाय कीजिए कि दिये गये कथन में कौनसी कल्पना निदित है।

कथन : हमें त्रुटियों की चिन्ता करने की आवश्यकता नही बल्कि त्रुटियों से सीखना चाहिए

कल्पनाये : i) जब हम कोई कार्य करते हैं तो त्रुटियाँ हो सकती हैं।

ii) हम भूत काल से लाभ उठाकर भविष्य में त्रुठि रहित कार्य करने में समर्थ हैं।

A) केवल कल्पना (i) निहित है
B) केवल कल्पना (ii) निहित है
C) दोनों में से कोई सी भी एक कल्पना निहित है
D) दोनों कलपनायें निहित है

सही उत्तरः (D)

4. नीचे दो तर्क दिये गये है i) और ii) दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए ।

<u>तर्क</u>

i) हाँ, उन्हें ऐसी खबरे नही छापनी चाहिए जिनसे पाठक अनुचित कार्यो में लिप्त हो जाये।

ii) नहीं, प्रेस की जिम्मेदारी है कि परिणाम की परवाह किए बिना सत्य को उजागर करे।

<u>विकल्प</u>

A) केवल तर्क (i) उचित है
B) केवल तर्क (ii) उचित है
C) कोई सी तर्क उचित नहीं है
D) दोनों तर्क उचित ह

सही उत्तरः (A)

5. नीचे दिया गया तर्क तथा उससे प्राप्त निष्कर्ष का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए।

तर्क : जो वस्तु ऊपर जाती है निश्चय ही नीचे गिरती है। हेलीकाप्टर ऊपर जाता है।

निष्कर्ष : अतः हैलीकाप्टर निश्चय ही नीचे गिरेगा।

A) वैध हे
B) अवैध है
C) शकित है
D) अनावश्यक निष्कर्ष है

सही उत्तरः (D)

**7 सूचनाओं का विवेचन**

1 एक परीक्षा के चार प्रश्न-पत्रों I, II, III & IV में चार विद्यार्थी W,X,Y,Z बैठे। प्रत्येक प्रश्नपत्र मे पूर्णांक 100 में से उनके द्वारा प्राप्त अकं नीचे दिये हैं:

| विद्यार्थी | प्रश्न-पत्र | | | |
|---|---|---|---|---|
| | I | II | III | IV |
| W | 60 | 81 | 45 | 55 |
| X | 59 | 43 | 51 | A |
| Y | 74 | A | 71 | 65 |
| Z | 72 | 76 | A | 68 |

यहाँ 'A' का अर्थ है अनुपस्थित

उपरोक्त तालिका के आधार पर प्रश्न संख्या 1 - 5 तक के उत्तर दीजिए

i) कौन से विद्यार्थी को सभी प्रश्न-पत्रों में मिलाकर 60%- 65% अकं मिले है?

A) W
B) X
C) Y
D) Z

सही उत्तरः (A)

ii) न्यूनतम औसत अंक कौन से विद्यार्थी को मिले है?

A) W
B) X
C) Y
D) Z

सही उत्तरः (B)

iii) कौन से विद्यार्थी को सर्वाधिक औसत अंक मिले है?

A) W
B) X
C) Y
D) Z

सही उत्तरः (A)

iv) कौन से प्रश्न-पत्र में न्यूनतम अंक मिले है?

A) I
B) II
C) III
D) IV

सही उत्तरः (B)

v) कौन से विद्यार्थी को दिये गये प्रश्न-पत्रों मे सर्वाधिक प्रतिशत अंक मिले है ?

A) W
B) X
C) Y
D) Z

सही उत्तरः (D)

## 8 सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आई. सी. टी.)

i) आई. सी. टी. सम्बोधित करता है

A) इन्फॅरमेशन कोमन टेकनोलोजी
B) इन्फॅरमेशन एण्ड कम्युनिकेशन टेकनोलोजी
C) इन्फॅरमेशन एण्ड कम्प्यूटर टेकनोलोजी
D) इन्टर कनेक्टिड टेकनोलोजी

सही उत्तरः (B)

ii) कम्प्यूटर

A) गुणंत्मक और संख्यात्मक दोनो जानकारी का शोधन कर सकता है
B) बहुत विशाल जानकारी का संग्रह कर सकता है
C) जानकारी का शोधन जल्दी और सही कर सकता है
D) उपरोक्त सभी

सही उत्तरः (D)

iii) उपग्रह संप्रेषण का काम चलता है ......................... माध्यम से

A) रडार
B) टान्सपांडर
C) स्ंग्राहक
D) प्रवाहक

सही उत्तरः (B)

iv) कम्प्यूटर एक मशीन है जो मनुष्य के दिमाग के समान कार्य करता है। कम्पूटर की यह परिभाषा

A) सही है
B) गलत है
C) आंशिक सही
D) उपरोक्त मे से कोई नहीं

सही उत्तरः (A)

v) सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी में सम्मलित है

A) ई-मेल
B) इन्टरनेट
C) शैणिनिक टी. वी.
D) उपरोक्त सभी

सही उत्तरः (D)

## 9 जन एवं पर्यावरण

1. ऐस समझा जाता है कि हमारा ग्लोब धीरे–धीरे गरम हो रहा है। इस प्रकार से ग्लोब के बढ़ते तापमान के वास्तविक प्रभाव है

A) कार्ययुत्त प्राप्त भूमि में वृध्दि
B) भूमध्य रेखा एवं ध्रुवों की जलवायु मे समानता
C) म्हासागर के जल स्तर में गिरावट
D) ध्रुवीय बर्फ का पिघलना

सही उत्तरः (D)

2. भारत के किस प्रदेश में भूजल आरस्निक द्वारा संदूषित है।

A) हरियाणा
B) आन्ध्र प्रदेश
C) सिक्किम
D) पश्चिम बंगाल

सही उत्तरः (D)

3. नदी के मुहाने पर स्थित सुंदरवन की पहचान किस रूप में है?

A) चरागाह
B) कोनी फरस
C) मैंग्रूव
D) शुष्क वन

सही उत्तरः (C)

4. सरदार सरोवर बांध किस नदी पर बना है?

A) गंगा
B) गोदावरी
C) महानदी
D) नर्मदा

सही उत्तरः (D)

5. निम्न वृक्षों मे से किसमे औषधिक गुण है?

A) चीड़ (पाईन)
B) टीक
C) नीम
D) ओक

सही उत्तरः (C)

10 **उच्च शिक्षा प्रणाली : शासन, राजनीति एवं प्रशासन**

1. भारत में निम्न में से किसे तकनीकी शिक्षा का हिस्सा नहीं माना जाता

A) मैडिकल
B) प्रबन्ध
C) फार्मास्युटिकल
D) हवाई यांत्रिकी

सही उत्तरः (A)

2. निम्न में से कौन सा केन्द्रीय विश्वविद्यालय हैः

A) मुम्बई विश्वविद्यालय, मुम्बई
B) कलकत्ता विश्वविद्यालय, कलकत्ता
C) दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
D) मद्रास विश्वविद्यालय, चैनई

सही उत्तरः (C)

3. उस मुख्य सिध्दान्त को चिन्हित कीजिए जिस पर संसदीय प्रणाली परिचालित होती हैः

A) कार्यपालिका का व्यवस्थापिका के प्रति उत्तरदायित्व
B) संसद की सर्वोच्चता
C) न्यायपालिका की सर्वोच्वता
D) शक्ति पृथक्करण का सिध्दान्त

सही उत्तरः (A)

4. पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण हैः

A) कुल सीटों का 30 प्रतिशत
B) कुल सीटों का 33 प्रतिशत
C) कुल जनसंख्या का 33 प्रतिशत
D) उनकी जनसंख्या के अनुपात में

सही उत्तरः (B)

5. सूची -1 का मिलान सूची- 2 से कीजिये एवं निम्नलिखित कूट में से सही उत्तर का चयन करे :

| सूची -1 | सूची- 2 |
|---|---|
| 1) इंडियन वेटरनरी रिसर्च इंस्टीट्युट | i) पूणे |
| 2) इंस्टीट्युट आफ आरमामैन्ट टेक्नोलोजी | ii) इज़तनगर |
| 3) इंडियन इंस्टीट्युट आफ सांइस | iii) दिल्ली |
| 4) नेशनल इंस्टीट्युट फार एजुकेश्नल प्लानर एन्ड एडमिनिस्टेटर | iv) बंगलोर |

A) 1(ii), 2(i), 3(iv), 4(iii)
B) 1(i), 2(iv), 3(ii), 4(iii)
C) 1(ii), 2(iii), 3(i), 4(iv)
D) 1(iv), 2(iii), 3(ii), 4(i)

सही उत्तरः (A)